अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में सड़क सुरक्षा पर वार्ता का आयोजन

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनाये जा रहे दिनांक ०९-१५ जनवरी २०१७ तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार कक्ष में दिनांक १३ जनवरी २०१७ को यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी और रोड सेफ्टी क्लब के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर एक वार्ता आयोजित की गई जिसमें ट्रैफिक इंचार्ज बल्लबगढ़ श्री शीतल दास ,ए.एस.आई. वीरेंदर ताऊ मुख्य वक्ता थे.
उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों को सड़क पर चलते समय क्या-क्या सावधानियाँ और नियमों का पालन करना चाहिए उससे अवगत कराया. इस वार्ता में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कृष्ण कान्त गुप्ता ने बताया की दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए ऐसी वार्ताओं का आयोजन बहुत जरुरी है और हर विद्यार्थी को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाइये इस अवसर पर ट्रैफिक इंचार्ज श्री शीतल दास जी ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को नियमों का पालन हेतु शपथ भी दिलाई.
युवा रेड क्रॉस कॉउंसलर डा. उषा चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से इस कार्यक्रम का समापन हुआ. इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के डिप्टी कन्वीनर डॉ. प्रवीन गुप्ता और पुलिस विभाग से श्री सुरेश कुमार भी उपस्थित थे।